मेरा बाबा मेरे साथ है भजन लिरिक्स

मेरे दिल के ये जज्बात है,
चाहे जैसे भी हालात है,
मुस्कुरा के मैं हरदम कहूं,
मेरा बाबा मेरे साथ है,
मेरे दिल के ये जज्बात है।bd।

तर्ज – ये तो सच है की।

मेरी किस्मत मुझे चाहे खोटी मिली,
मेरी कुटिया मुझे चाहे छोटी मिली,
फिर भी है शुक्रिया तेरा ओ सांवरे,
तेरी किरपा से ही रोजी रोटी मिली,
मेरा अपना तो कुछ भी नहीं,
सब तुम्हारी ही खैरात है,
मुस्कुरा के मैं हरदम कहूं,
मेरा बाबा मेरे साथ हैं,
मेरे दिल के ये जज्बात है।bd।

मेरी हर साँस पर तेरा अहसान है,
तुझसे ही रौनके लब पे मुस्कान है,
इससे ज्यादा भला मांगू शोहरत मैं क्या,
तेरे ही नाम से मेरी पहचान है,
सब तुम्हारा ही जादू है ये,
सब तुम्हारी करामात है,
मुस्कुरा के मैं हरदम कहूं,
मेरा बाबा मेरे साथ हैं,
मेरे दिल के ये जज्बात है।bd।

क्यों करूँ मैं गिला क्यों रखूं मैं रूखी,
मुझसे ज्यादा भी है दुनिया में और दुखी,
कैसे मैं मान लूँ मुझ पर किरपा नहीं,
लाखो में भी तेरी मुझपे नज़रें रुकी,
सोनू कहलाये प्रेमी तेरा,
सबसे सुन्दर ये सौगात है,
Bhajan Diary Lyrics,
मुस्कुरा के मैं हरदम कहूं,
मेरा बाबा मेरे साथ हैं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे दिल के ये जज्बात है,
चाहे जैसे भी हालात है,
मुस्कुरा के मैं हरदम कहूं,
मेरा बाबा मेरे साथ है,
मेरे दिल के ये जज्बात है।bd।

Singer – Manoj Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com